दिल्ली पब्लिक स्कूल ,जम्मू
सत्र (2017–18)
पुनरावृत्ति कार्य

कक्षा – नवमीं

विषय –हिंदी

## खंड – क

1. निम्नलिखित गद्यॉंश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

हम सभी जानते हैं कि संघर्ष ही जीवन है। मानव को जीवन में अनेक प्रकार के संघर्ष करने पड़ते हैं , जिससे उसे अनेक कष्टों को सहन करना पड़ता है। पुरुषार्थी मानव अपने पुरुषार्थ के बल पर सफलता प्राप्त कर लेता है। इस पुरुषार्थ का संबंध भी मानव–मन से है ,क्योंकि व्यक्ति के सभी प्रकार के कर्म तथा व्यवहारों को नियंत्रण करने वाली कोई शक्ति है ,तो वह है –उसका मन। निराश मन वाला व्यक्ति अनेक प्रकार के साधनों से संपन्न होते हुए भी असफल हो जाता है , जबकि अपेक्षाकृत कम शक्ति संपन्न होते हुए भी चित्त की दृढ़ता से युक्त व्यक्ति कभी पराजय का मुख नहीं देखता। कौरव सभी प्रकार की शक्तियों से संपन्न होते हुए भी चित्त की दृढ़ता न होने के कारण पराजित हुए ,जबकि अपेक्षाकृत कम शक्ति संपन्न होते हुए भी चित्त की दृढ़ता से युक्त व्यक्ति कभी पराजय का मुँह नहीं देखता।कौरव सभी प्रकार की शक्तियों से संपन्न होते हुए भी चित्त की दृढ़ता न होने के कारण पराजित हुए , जबकि पांडव असीम मानसिक दृढ़ता एवं अदम्य शक्ति से युक्त होने के कारण सफल हुए। इसी प्रकार के अनेक उदाहरण दिए जा सकते हैं। महात्मा गाँधी के चित्त की दृढ़ता के समक्ष विशाल अंग्रेज़ी साम्राज्य को घुटने टेकने पर विवश होना पड़ा था। मन की दृढ़ता के बल पर ही प्राचीन काल में अनेक ऋषि – मुनि अनेक प्रकार की सिद्धयाँ प्राप्त कर लिया करते थे। मन की दृढ़ता के कारण ही कालिदास जैसा मूर्ख संस्कृत का सर्वश्रेष्ठ कवि बन पाया। जापानियों की दृढ़ता को देखिए–विश्व युद्ध में परमाणु बम से होने वाली तबाही के बावजूद वे पुनः उठ खड़े हुए और आज विश्व के शीर्षस्थ राष्ट्रों में गिने जाते हैं।व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपने मन को दुर्बल न होने दे। जिसने अपने मन को जीत लिया ,उसने मानो सारे संसार पर विजय प्राप्त कर ली। मन को अपने वश में कर लेने वाले व्यक्ति ही स्वावलंबी या पुरुषार्थी कहलाते हैं। व्यक्ति को यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि हानि–लाभ , जीवन–मरण , यश–अपयश सब उसी तरह आते–जाते रहते हैं , जैसे सूर्यास्त के बाद सूर्योदय। इसलिए पराजय के क्षणों में धैर्य बनाए रखना चाहिए ।

1. पुरुषार्थ का संबंध किससे एवं क्यों है ?
2. साधन संपन्न व्यक्ति भी क्यों असफल हो जाता है ?
3. कैसा व्यक्ति कभी पराजय का मुँह नहीं ताकता ?
4. कौरवों के पास क्या नहीं था ?
5. कालिदास किस गुण के कारण संस्कृत के सर्वश्रेष्ठ कवि बन गए ?
6. स्वावलंबी व्यक्ति कौन कहलाता है ?
7. 'पराजय ' एवं ' संघर्ष ' शब्दों में प्रयुक्त उपसर्ग लिखिए।

2. निम्नलिखित पद्यॉंश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

प्रतिक्षण नूतन वेश बनाकर रंग बिरंग निराला;
रवि के सम्मुख थिरक रही है नभ में वारिद–माला।
नीचे नील समुद्र मनोहरऊपर नील गगन है;
घन पर बैठ बीच में बिजरूँ यही चाहता मन है।
रत्नाकर गर्जन करता है मलयानिल बहता है;
हरदम यह हौंसला प्रिये! ह्रदय भरा रहता है।

क) रवि के सामने कौन–कौन किस प्रकार थिरक रहा है ?
ख) कवि का मन क्या चाहता है और क्यों ?
ग) रत्नाकर और मलयानिल क्या करते हैं ?

## खंड – ख

3. (क) निम्नलिखित वर्ण–विच्छेद के लिए शब्द लिखिए :

व् + इ + क् + र् + ए + त् + आ

(ख) निम्नलिखित शब्द का वर्ण–विच्छेद लिखिए :

सहूलियत

(ग) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग कीजिए :

इसान    कबल    चाद

(घ) निम्नलिखित शब्दों में से नुक्ते के उचित प्रयोग वाले शब्द छाँटिए :

नफरत    बिजली

4. (क) निम्नलिखित शब्दों में सन्धि कीजिए :

(1) मही +ईश    (2) नि+ऊन

(ख) निम्नलिखित शब्दों में संधिविच्छेद कीजिए :

(1) प्रत्येक    (2) मात्रिच्छा

(ग) निम्नलिखित शब्दों में से वह शब्द चुनिए जिसमें अनुनासिक चिह्न का प्रयोग होता है :

बाध    जूझना

ग ) निम्नलिखित शब्दों में ' र ' का मानक रुप प्रयुक्त कीजिए –

लॉण्ड्री , पुत्र

5. (क) निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग व मूल शब्द छाँटिए –

संचालन , दुर्लभ

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द व प्रत्यय छाँटिए –

प्रचलित , वास्तविक

6. (क ) दिए गए विराम – चिह्न का नाम लिखिए –

( ; )

( ख ) दिए गए शब्द का विराम चिह्न का चिह्न लिखिए –

कोष्ठक चिह्न

(ग) उचित स्थान पर विराम चिह्न लगाइए–

1) जब जब मैंने तुम पर भरोसा किया तब तब तुमने धोखा दिया

## खंड – ग

6. क) रामन् के लिए नौकरी संबंधी कौन–सा निर्णय कठिन था?

ख) 'बुद्धि की मार' के संबंध में लेखक के क्या विचार हैं?

ग) पंक और पंकज शब्द में क्या अंतर है?

7. आकाश के तारों में किस तारे का कोई जोड़ नहीं है और क्यों? शुक्रतारे के समान पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

8. रहीम की भाषा शैली को अपने विचारों में व्यक्त कीजिए।

9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

क) नदी के दिल में क्या पीड़ा है? वह अपना दिल किस प्रकार हल्का करती है?

ख) "हाय! फूल सी कोमल बच्ची हुई राख की थी ढेरी" पंक्ति पिता की किस मनोदशा को अभिव्यक्त करती है?

ग) 'नए इलाके में' कविता में कवि रास्ता क्यों भूल जाता है?

10. 'जीवन संघर्ष का नाम है' इस कथन की पुष्टि कविता 'अनिपथ' के आधार पर अपने विचारों से स्पष्ट कीजिए।

11. हामिद खाँ ने पैसे लेकर वापिस क्यों लौटा दिए ? इससे उसकी किस भावना का परिचय मिलता है? अपने शब्दों में लिखिए।

## खंड – घ

12. अनुच्छेद लिखिए – भारत के राष्ट्रीय पर्व

संकेत बिंदु : – जीवन में पर्वों का महत्त्व , हमारे राष्ट्रीय पर्व – स्वतंत्रता दिवस ,गणतंत्र दिवस , गाँधी जयंती पर्व मनाने का ढंग , पर्वों का संदेश

13. मैडिकल / नॉन मैडिकल की टयूशन के लिए टयूशनसैंटर का विज्ञापन तैयार कीजिए ,जिसमें कुछ आर्कषक ऑफर भी हों।

14. शिक्षक दिवस के कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों के बीच बातचीत।

15. आपके पिता जी ने एक नया घर बनवाया है । गृह–प्रवेश के अवसर पर वे एक कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। इस अवसर पर अपने मित्र को आमंत्रित करते हुए एक पत्र लिखिए।

16. दिए गए चित्र के आधार पर चित्र–वर्णन कीजिए –

